# पीएचडी की अगली काउंसलिंग 19 को

**लखनऊ।** पुनर्वास विवि में 2024-25 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग सम्पन्न हुई। 27 सीटों पर 25 छात्रों ने प्रवेश लिया। पहले राउंड की काउंसिलिंग प्रशासनिक भवन में 10 व 11 जून को हुई थी।

प्रवक्ता डॉ. यशवंत वीरोदय ने बताया कि अंग्रेजी विभाग में पूरे छह, कंप्यूटर साइंस विभाग में एक, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एक, इनफार्मेश्न टेक्नोलॉजी विभाग में एक, विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित) विभाग में एक, वाणिज्य विभाग में एक सीट पर प्रवेश हुआ। जानकारी के अनुसार पीएचडी में प्रवेश के लिए दूसरे चरण के काउंसिल की 19 जून को होनी है।

# डॉ. शकुंतला यूनिवर्सिटी में पीएचडी एडमिशन शुरू

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



## पहले चरण की काउंसिलिंग में 25 स्टूडेंट्स का हुआ एडमिशन

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (12 June):** डॉ. शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी में पीएचडी एडमिशन के लिए प्रथम चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुई. जिसमें विभिन्न विभागों की पीएचडी रिसर्च हेतु सिलेक्टेड कैंडिडेट्स का सिलेक्शन हुआ. काउंसिलिंग में मुख्य रूप से प्रवेश निदेशक प्रो. आरके श्रीवास्तव, डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, डॉ. ममता यादव, डॉ. कौशिकी सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र व डॉ. विपिन पांडेय मौजूद रहे.

### इन विभागों में हुए एडमिशन

1- **अंग्रेजी विभाग**- 6 रिक्त सीटों पर 6 कैंडिडेट्स ने लिया एडमिशन
2- **कंप्यूटर साइंस विभाग**- 1 रिक्त सीट पर 1 कैंडिडेट ने लिया एडमिशन
3- **माइक्रोबायोलॉजी विभाग**- 1 रिक्त सीट पर 1 कैंडिडेट ने लिया एडमिशन
4- **इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग**- 1 रिक्त सीट पर 1 कैंडिडेट ने लिया एडमिशन
5- **विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित)विभाग**- 1 रिक्त सीट पर 1 कैंडिडेट ने लिया एडमिशन
6- **वाणिज्य विभाग**- 1 रिक्त सीट प्र 1 कैंडिडेट ने लिया एडमिशन
7- **मैनेजमेंट विभाग**- 5 रिक्त सीटों पर 4 कैंडिडेट्स ने लिया एडमिशन
8- **राजनीतिशास्त्र विभाग**- 9 सीटों पर 8 कैंडिडेट्स ने लिया एडमिशन
9- **स्टेटिस्टिक्स विभाग**- 2 सीटों पर 2 कैंडिडेट्स ने लिया एडमिशन

## सार-संक्षेप

# पुनर्वास विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पीएचडी एडमिशन के प्रथम चरण की प्रक्रिया 10 व 11 जून को प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित सभागार में विभागवार संपन्न हुई। इस में विभिन्न विभागों के पीएचडी शोध हेतु चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश संपन्न हुए। अंग्रेजी विभाग में 6 रिक्त सीट के सापेक्ष 6 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कंप्यूटर साइंस विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित) विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। वाणिज्य विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। मैनेजमेंट विभाग में 5 रिक्त सीट के सापेक्ष 4 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। राजनीति शास्त्र विभाग में 9 रिक्त सीट के सापेक्ष 8 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। स्टेटिस्टिक्स विभाग में 2 रिक्त सीट के सापेक्ष 2 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि जल्दी ही काउंसलिंग की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

# सात विभागों में पीएचडी की सीटें फुल, दो में खाली

जागरण संवाददाता • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के पीएच.डी दाखिले के लिए 10 व 11 जून को हुई पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद गुरुवार को सीटों की सूचना जारी की। इसमें नौ विभागों में से सात विषयों की सभी सीटें फुल हो गईं। शेष दो विभागों में कुछ सीटें रिक्त रह गईं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर यशवंत वीरोदय ने बताया कि पीएच.डी प्रवेश के लिए पहली काउंसिलिंग के बाद अंग्रेजी विभाग में सभी छह सीटों में प्रवेश पूरे हो गए। इसी तरह कंप्यूटर साइंस विभाग, माइक्रोबायोलाजी विभाग, इनफार्मेशन टेक्नोलाजी विभाग, विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित) विभाग, वाणिज्य विभाग में एक-एक और सांख्यिकी विभाग में दो सीट के सापेक्ष सभी भर गईं। वहीं, मैनेजमेंट विभाग में पांच सीटों में से चार पर शोधार्थी चयनित हुए। राजनीति शास्त्र विभाग में नौ सीटों के सापेक्ष आठ विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। काउंसलिंग के समय प्रवेश निदेशक प्रो. आर के श्रीवास्तव, डा. मृत्युंजय मिश्रा, डा. ममता यादव,



डा. कौशिकी सिंह, डा. पुष्पेंद्र सिंह व डा. विपिन पांडेय आदि उपस्थित रहे। इस बार 18 विभागों में 126 सीटों पर पीएचडी आवेदन लिए गए थे। इनमें से प्रथम चरण में नौ विषयों में प्रवेश लिए गए। दूसरे चरण में 19 जून को सुबह 11 बजे से हिंदी, इतिहास, समाज कार्य, विशेष शिक्षा मानसिक मंदित व विशेष शिक्षा दृष्टिबाधितार्थ विषयों की काउंसिलिंग होगी।

**विभागीय शोध समिति की बैठक 17 को** : अर्थशास्त्र विभाग में विभागीय शोध समिति की बैठक 17 जून को दोपहर 12 बजे होगी। एकेडमिक ब्लाक ए-2 के कमरा नंबर 322 में होने वाली बैठक में सत्र 2023-24 में पंजीकृत शोधार्थियों को शोध पर्यवेक्षक आवंटित करने एवं सत्र 2024-25 के शोधार्थियों के साक्षात्कार के संबंध में निर्णय होगा।

# बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट का कुलपति ने किया उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट) शिविर और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श का उद्घाटन कुलपति आचार्य संजय सिंह ने किया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष यादव व विश्वविद्यालय के चिकित्सक डॉ. राकेश प्रधान के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में गुरुवार को पूर्वाह्न 10 बजे से बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट) शिविर व स्वास्थ्य संबंधी परामर्श का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित सेमिनार हाल में किया गया। विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं प्रशिक्षण जैसे रक्तचाप हृदय रोग, मधुमेह एवं मोटापा आदि संबंधी रोग के परामर्श एवं निदान के लिए शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवा से लाभान्वित हुए।